C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 236 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 18 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## बजट बहस में दीया कुमारी का बड़ा ऐलान

## ट्रेनिंग अवधि में नौकरी छोड़ने पर वसूली नहीं, कर्मचारियों को रिटायरमेंट तक इंश्योरेंस कवर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

विधानसभा में बजट पर हुई बहस का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत की घोषणा की और साथ ही कांग्रेस पर तीखा प्रहार भी किया। सदन में उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार राजकोषीय अनुशासन और राजस्व वृद्धि के माध्यम से राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अब सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण अवधि के दो वर्ष के भीतर यदि केंद्र या राज्य की किसी अन्य सेवा में चयन होता है और वे वर्तमान पद छोड़ते हैं, तो उनसे वेतन-भत्तों की वसूली नहीं की जाएगी। इससे पहले ऐसी स्थिति में राशि वसूलने का प्रावधान था।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अब कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तक बीमा कवर की सुविधा दी जाएगी। सरकार के इस निर्णय को कर्मचारियों के हित में बड़ा कदम माना जा रहा है।

सदन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दीया कुमारी ने कहा, 'खजाना खाली कर गए और सीख हमें देते हैं, घाटे के बीज बोकर हिसाब हमसे लेते हैं।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का 4.4 प्रतिशत था, जबकि वर्तमान सरकार ने 2025-26 में इसे 3.87 प्रतिशत और 2026-27



में घटाकर 3.69 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि सरकार राजस्व आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और वित्तीय अनुशासन के साथ विकास को संतुलित रखा जा रहा है।

विपक्ष की आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार तथ्यात्मक आलोचना का स्वागत करती है, लेकिन अनावश्यक और आधारहीन टिप्पणियों से बचना चाहिए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष ने कम से कम बजट पढ़ तो लिया, भले ही उसे समझा न हो।

नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाए गए शिक्षा और कृषि बजट में कटौती के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का कृषि बजट कांग्रेस सरकार की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक है। 'कम से कम आंकड़े तो सही रख दीजिए।

दीया कुमारी ने दोहराया कि राज्य सरकार समावेशी विकास की नीति पर काम कर रही है और सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कोटड़ी श्याम के दानपात्र से 9 किलो चांदी व 48 लाख नकद, चांदी के सिंहासन पर विराजे ठाकुर जी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

मेवाड़ के प्रसिद्ध आस्था धाम श्री चारभुजा नाथ मंदिर कोटड़ी में अमावस्या के अवसर पर श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला। मंदिर के दानपात्र से इस बार 8 किलो 784 ग्राम चांदी, 24 ग्राम 300 मिलीग्राम सोना और 48,77,431 नकद राशि प्राप्त हुई। विशेष बात यह रही कि यह चांदी एक भक्त द्वारा ठाकुर जी के लिए भव्य चांदी का सिंहासन बनाने के संकल्प के तहत अर्पित की गई है।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि परंपरा अनुसार हर अमावस्या को दोपहर 12 बजे दानपात्र खोला जाता है। ट्रस्ट पदाधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से गणना की गई। उन्होंने कहा कि मंदिर की बढ़ती ख्याति के साथ




श्रद्धालुओं का विश्वास और सहयोग भी निरंतर बढ़ रहा है।

भोर में ब्रह्म मुहूर्त में पंडित विष्णु दादिच ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कराया। इसके बाद पुजारी संजीव पाराशर एवं मनीष पाराशर ने ठाकुर जी का आकर्षक श्रृंगार किया। स्वर्ण आभूषणों और इत्र की सुगंध से सजे दरबार के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

## तिलस्वा महादेव मेले में हंगामा, ट्रस्ट सचिव से अभद्रता का आरोप

### महाशिवरात्रि मेले में हुआ विवाद, दो युवकों पर धक्का-मुक्की का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**(नरेश धाकड़ )** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तिलस्वा महादेव मंदिर में सात दिवसीय महाशिवरात्रि मेले के शुभारंभ के साथ ही विवाद खड़ा हो गया। मेले के पहले ही दिन मंदिर ट्रस्ट के सचिव के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की का एक वीडियो सामने आया है। इस संबंध में मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने दो युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है, जबकि आरोपित युवकों ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1 बजे तिलस्वा निवासी रंजीत और भवानी शंकर ट्रस्ट कार्यालय पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने वहां मौजूद ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ पर गंभीर आरोप लगाते हुए ऊंची



सचिव को हाथ पकड़कर बाहर लाते हुए

आवाज में विवाद शुरू कर दिया।

ट्रस्ट पक्ष का कहना है कि समझाइश के प्रयास के दौरान युवकों ने गाली-गलौज करते हुए सचिव मांगीलाल धाकड़ के साथ धक्का-मुक्की की, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई और मेले की व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं।

घटना के बाद सचिव मांगीलाल धाकड़ ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत की प्रति उपखण्ड अधिकारी को भी भेजी गई है, ताकि प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई हो सके।

थाना प्रभारी स्वागत पांड्या ने बताया कि रिपोर्ट प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया वायरल है। हालांकि इसकी भीलवाड़ा फ़ोकस आधिकारिक पुष्टि नहीं करता है। वहीं दूसरी ओर रंजीत और भवानी शंकर ने ट्रस्ट सचिव द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने मेले में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए थे।

उनका यह भी आरोप है कि 'तिलस्वा मित्र मंडल' द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की जा रही पेयजल सेवा को ट्रस्ट सचिव ने अपने कर्मचारी के माध्यम से बंद कराने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर उन्होंने आपत्ति जताई थी, लेकिन किसी प्रकार की बदसलूकी या धक्का-मुक्की नहीं की।

## पारोली थाना पुलिस की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली व अवैध गार्नेट खनन करते सेफ्रेटर मशीन जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह** पारोली थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं बजरी परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं एक सेफ्रेटर मशीन को जब्त किया है कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया । जानकारी के अनुसार पारोली थाना प्रभारी सियाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर दबिश दी । इस दौरान पारोली कस्बे में अवैध रूप से बजरी का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से जब्त किया गया साथ ही अवैध गार्नेट खनन में प्रयुक्त एक सेफ्रेटर मशीन भी पुलिस ने कब्जे में ली।

कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद लोग पुलिस को देखकर फरार हो गए । पुलिस ने जब्त वाहन व मशीन को थाने में खड़ा



करवाकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है । सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । कारवाई के दौरान थाना प्रभारी सियाराम ,सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर लाल मीणा ,मुंशी रणजीत जाट सहित जाब्ता मौजूद रहा।

## तिलस्वा महादेव मेले में अमावस्या पर उमड़ा सैलाब, दो लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान-पूजन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया/ तिलस्वा**

**(नरेश धाकड़/ प्रेम शंकर धाकड़ )।** तिलस्वा महादेव मंदिर में चल रहे सात दिवसीय महाशिवरात्रि मेले के तीसरे दिन मंगलवार अमावस्या के अवसर पर करीब दो लाख श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में स्नान कर भगवान शिव के दर्शन किए और मेले का आनंद लिया।

खनन क्षेत्र में अवकाश होने से बड़ी संख्या में मजदूर, कारीगर व अन्य लोग बसों, निजी वाहनों और पैदल तिलस्वा पहुंचे। दिनभर मार्गों पर वाहनों व पैदल यात्रियों की भीड़ रही, वहीं मंदिर प्रांगण में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं।

मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अहीर व सचिव मांगीलाल धाकड़



सहित ट्रस्टियों ने क्षेत्र की खुशहाली के लिए महा रुद्राभिषेक व हवन किया। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करते हुए 100 पुलिस जवानों और कुंड पर गोताखोर तैनात किए तथा विशेष पार्किंग व्यवस्था की।

मेले में लगी घरेलू सामान, मनिहारी और खिलौनों की दुकानों पर भी दिनभर जमकर खरीदारी हुई।

## तीन घंटे की सर्च के बाद लापता बालक सुरक्षित मिला, पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

कोदिया गांव में सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब 11-12 वर्षीय कन्हैया लाल पुत्र हरीलाल बेरवा खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया। शाम करीब 6 बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सघन खोज अभियान चलाया और करीब तीन घंटे बाद बालक को सुरक्षित ढूंढ निकाला।

ग्रामवासियों की सूचना पर थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा , सहायक उप निरीक्षक कैलाश चंद्र प्रजापत एवं पुलिस जाप्ते के साथ तुरंत कोदिया गांव पहुंचे। लगभग 300 घरों की आबादी वाले गांव में घर-घर सर्च अभियान चलाया गया। कच्चे रास्तों, पगडंडियों, खेत-खलिहानों और सुनसान स्थानों पर भी तलाशी ली गई।



अंधेरा बढ़ने के साथ चुनौती और कठिन होती जा रही थी।

जांच में सामने आया कि कन्हैया लाल दादी के 200 रुपये लेकर घर से निकल गया था। दादी द्वारा टोके जाने पर डांट के डर से वह घर लौटने की बजाय इधर-उधर छिप गया। इसी वजह से उसकी गुमशुदगी की स्थिति बनी।

लगातार प्रयास के बाद पुलिस को सफलता मिली। बालक को कोदिया बस स्टैंड के पास एक मकान के पीछे दीवार के सहारे झाड़ियों में छिपा पाया गया। बच्चे को सुरक्षित देख परिजनों और पुलिस ने राहत की सांस ली। उसे तुरंत परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

इस अभियान में कांस्टेबल कुलदीप सिंह, हनुमान चौधरी और मुकेश जांगिड़ की सक्रिय भूमिका रही। बालक के सुरक्षित मिलने पर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सहित पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

## खनन पट्टा धारकों के लिए 20 फरवरी को महत्वपूर्ण बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा द्वारा खनन पट्टा धारकों के लिए 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में ऑटो नवीनीकरण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा।

इसमें प्रक्रिया की सरलता, समय की बचत और खनन कार्य की निरंतरता जैसे लाभों पर जानकारी साझा की जाएगी।

खनन विभाग ने सभी खनन पट्टा धारकों से आवश्यक अभिलेख एवं दस्तावेज साथ लेकर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# बलात्कार प्रकरण में एक साल से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गुलाबपुरा थाना पुलिस ने बलात्कार के एक मामले में करीब एक वर्ष से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबिर सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की।

पुलिस ने बताया की बीते वर्ष 17 अप्रैल को आरोपी महेन्द्र सिंह गुर्जर ने पीड़िता को सामाजिक रूप से अपनाने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई, लेकिन आरोपी 1 फरवरी से फरार चल रहा था। संभावित ठिकानों पर दबिश के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र सिंह (20) पुत्र देवी सिंह निवासी रलायता मध्यप्रदेश का है। कार्रवाई में साइबर सेल व थाना गुलाबपुरा की टीम के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भैंस चोरी गिरोह का किया पर्दाफाश, चार शातिर आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में लगातार हो रही भैंस चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए गंगापुर थाना पुलिस ने चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने भीलवाड़ा सहित राजसमंद और चित्तौड़गढ़ जिलों में कई वारदातें करना स्वीकार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व गठित विशेष टीम द्वारा की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया की बीती 10 फरवरी को हरिपुरा निवासी रोशन जाट ने रिपोर्ट दी कि 21 जनवरी की रात उसके बाड़े से मुर्रा नस्ल की 3 भैंस व 1 पाड़ा चोरी हो गए, जिनकी कीमत करीब 3.60 लाख रुपये थी। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दिन में भैंस खरीदने के बहाने गांवों की रैकी करते थे और रात में पिकअप व टैंपो से समूह बनाकर गांव के बाहर स्थित बाड़ों से भैंसें चोरी कर ले जाते थे। आरोपियों ने भोजपुरा (बागोर), पुर सर्कल, जिलोला व कुरज (राजसमंद) सहित अन्य स्थानों पर वारदातें करना कबूल किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में नानालाल (25), काजू (18), शैतान (23) निवासी कालाभाटा/मांडिया मंगरी गंगापुर तथा हिरालाल (19) निवासी कोषिथल शामिल हैं। कार्रवाई में गंगापुर, डीएसटी व साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस अन्य वारदातों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# होड़ा विद्यालय में किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**





आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होड़ा में किशोरी बालिकाओं के लिए हीमोग्लोबिन परीक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

योजना के सदस्य सचिव डॉ. ज्ञानेंद्र गोयल ने बताया कि 17 फरवरी को आयोजित शिविर में 37 बालिकाओं की जांच की गई, जिनमें से 3 बालिकाओं में हीमोग्लोबिन स्तर 12 से कम पाया गया। संबंधित बालिकाओं को आवश्यक औषधियां वितरित की गईं।

सीएचओ जलधारी मीना ने बालिकाओं को हीमोग्लोबिन बढ़ाने हेतु संतुलित आहार और आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन की जानकारी दी। जांच टीम में एएनएम निकिता मीणा, नर्स वीणा दमामी, योग प्रशिक्षक रामप्रकाश बैरागी, माया जोशी, आशा इंदुबाला सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# बाणमाता शक्तिपीठ गोवटा बांध पर विकास बैठक, दानपात्र से 6.71 लाख की राशि प्राप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



बाणमाता शक्तिपीठ गोवटा बांध पर अमावस्या के अवसर पर विकास संस्थान की बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में मंदिर विकास, नव निर्माण कार्यों एवं आगामी नवरात्रा पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान दानपात्र खोले जाने पर 6 लाख 71 हजार 63 रुपये की सहयोग राशि प्राप्त हुई। बैठक में अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़ सहित संस्थान के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ओलंपिक 2036 में भीलवाड़ा के खिलाड़ी खेलें विधायक कोठारी की पहल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा:**




भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की प्रेरणा से विधायक खेल विकास योजना के तहत 3 से 13 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष खेल प्रशिक्षण अभियान शुरू किया गया है। योजना का लक्ष्य वर्ष 2036 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तैयार करना है।

योजना संयोजक विवेक निमावत एवं कोच अजीत जैन ने बताया कि बच्चों को मोबाइल व टीवी से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना और उन्हें स्वस्थ व अनुशासित जीवन देना इस पहल का उद्देश्य है। विधायक के निर्देश पर शहर में छह खेल मैदान विकसित किए गए हैं, जहां प्रशिक्षित कोच निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं।

निमावत ने स्कूलों, सामाजिक संगठनों व संस्थाओं से अपील की कि वे ग्रासरूट स्तर से बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि खेल सामग्री, संसाधन और नियमित प्रतियोगिताओं की व्यवस्था भी आवश्यक है, ताकि आर्थिक अभाव के कारण प्रतिभाएं पीछे न रहें।

विधायक कोठारी का सपना है कि भीलवाड़ा खेलों की नई पहचान बनाए और 2036 ओलंपिक में यहां के खिलाड़ी प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। इसके लिए जनसहभागिता को अनिवार्य बताया गया है।

# बिजौलियां में प्लास्टिक मुक्त अभियान को नई गति, भोज आयोजनों के लिए स्टील के 1500 थाली सेट उपलब्ध

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



**रमेश गुर्जर ।** प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में नगरपालिका ने ठोस और व्यावहारिक पहल करते हुए अभियान को नया आयाम दिया है। जहां एक ओर बाजारों में प्लास्टिक सामग्री जब्त कर सख्ती दिखाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर बड़े सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र के माध्यम से अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। शादी-ब्याह एवं अन्य भोज कार्यक्रमों में एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक थालियों, कटोरियों और गिलासों के स्थान पर अब स्टील के 1500 थाली सेट मंगवाए गए हैं।

प्रत्येक सेट में एक थाली, चार कटोरियां, दो चम्मच और दो गिलास शामिल हैं। जिन परिवारों में विवाह या अन्य सामूहिक भोज का आयोजन होगा, उन्हें ये स्टील सेट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। ऐसे आयोजनों में प्लास्टिक सामग्री का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

नगरपालिका प्रशासन का मानना है कि सख्ती के साथ-साथ सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध कराने से अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। मंगल ने नागरिकों से अपील की कि वे दैनिक उपयोग में भी प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े, धातु या अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री अपनाएं।

नगरपालिका की इस पहल का स्थानीय नागरिकों ने स्वागत करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक और दूरदर्शी कदम बताया है।

# सिद्ध चक्र मंडल विधान पूजा का भव्य समापन, शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



**मानव तिवाड़ी ।** दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र में आयोजित पांच दिवसीय सिद्ध चक्र मंडल विधान पूजा का धार्मिक उल्लास के साथ समापन हुआ। समापन पर बैंडबाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

11 फरवरी से शुरू हुए आयोजन में ब्रह्मचारी विनोद भैया एवं पंडित बृजेश शास्त्री के सानिध्य में 24 जिनालय में सामूहिक पूजा, 1008 श्रीफल अर्पण तथा हवन-पूर्णाहुति सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में दिगंबर जैन महिला मंडल सहित विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन में बिजौलियां, कोटा, इंदौर, जयपुर सहित कई शहरों से समाजजन उपस्थित रहे।

# एनएच-148डी के चौड़ीकरण का विरोध, ग्रामीणों ने बाइपास की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी ।** नेशनल हाईवे-148डी के चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण को लेकर पडेर क्षेत्र के ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए बाइपास रोड निकालने की मांग की है। चेतावनी दी गई कि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो लोग एनएच-148 डी पर भूख हड़ताल करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि जहाजपुर-पडेर से गुजर रहे नेशनल हाईवे 148डी के किमी 114.650 से 158.650 तक प्रस्तावित चौड़ीकरण से स्थानीय बस्तियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पडेर में अधिकांश सरकारी विभाग, धार्मिक स्थल, अस्पताल, पुलिस थाना और उप तहसील कार्यालय सड़क के एक ओर स्थित हैं, जबकि जवाहरनगर बस्ती दूसरी ओर है। ऐसे में फोरलेन बनने के बाद लोगों को सड़क पार करने में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जब हाईवे बनाया गया था, तब सड़क को जवाहरनगर बस्ती से लगभग 15 फीट ऊंचा बना दिया गया, जिसके कारण हर वर्ष बारिश में करीब 500 घरों में पानी भर जाता है।

उनका कहना है कि फोरलेन निर्माण में स्थानीय हितों और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा बाइपास का विकल्प अपनाया जाए।

बैठक में कैलाशचंद्र तिवाड़ी, पूर्व उपप्रधान अंजनी कुमार, रामबाबू शर्मा, जमालुदीन, खलील मोहम्मद, मोहम्मद हुसैन, भवानीलाल माली, सुनील सुखवाल, सत्यनारायण सुखवाल सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रोपा से खाटू श्याम की 14वीं पदयात्रा रवाना, 111 श्रद्धालु जयकारों के साथ निकले

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी ।** क्षेत्र के रोपा गांव से खाटू श्याम की 14वीं पदयात्रा मंगलवार सुबह श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। 111 पदयात्रियों का जत्था खाटू श्याम के जयकारों के बीच 10 दिवसीय यात्रा पर निकला। श्याम प्रेमी प्रदीप जैन ने बताया कि पदयात्रा का शुभारंभ बड़ा मंदिर चारभुजा नाथ मंदिर रोपा से सुबह 8:15 बजे निशानों के पूजन के साथ हुआ। इसके बाद डीजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई खाटू धाम के लिए रवाना हुई। श्रद्धालु फाल्गुन माह की मस्ती में श्याम नाम का कीर्तन करते हुए नाचते-गाते आगे बढ़े।

यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामवासियों ने बाबा की आरती कर पदयात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा अल्पाहार की व्यवस्था की। प्रथम रात्रि विश्राम सावर में होगा। इस अवसर पर प्रशासक सत्यनारायण धाकड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी मौजूद रहे।



QUICK BITES

## योग्यता आधारित पदोन्नति परीक्षा में काछोला थाने के तीन जवान बने हेड कांस्टेबल, खाकी का बढ़ाया मान

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।





**विक्रम सिंह** योग्यता आधारित पदोन्नति परीक्षा 2021-22 के घोषित परिणामों में थाने में तैनात तीन सिपाहियों ने सफलता हासिल कर हेड कांस्टेबल पद पर पदोन्नति प्राप्त की है । इस उपलब्धि से काछोला थाना की खाकी का मान और बढ़ गया है । पदोन्नत होने वाले जवानों में गोपेश कुमार, हंसराज मीणा तथा ओमप्रकाश मीणा शामिल हैं । तीनों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और सेवा भावना के बल पर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया , परिणाम घोषित होते ही थाना परिसर में हर्ष का माहौल बन गया । थाना स्टाफ ने नव पदोन्नत हेड कांस्टेबलों का स्वागत कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की उच्च अधिकारियों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग में योग्यता आधारित पदोन्नति प्रणाली से कर्मियों को अपनी क्षमता साबित करने का अवसर मिलता है, जिससे कार्यप्रणाली में और अधिक दक्षता आती है परिवारजनों ने भी खुशी जताते हुए इसे गौरवपूर्ण क्षण बताया स्थानीय स्तर पर भी पुलिस विभाग की इस उपलब्धि की सराहना की जा रही है । काछोला थाना पुलिस के लिए यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समूचे स्टाफ के मनोबल को बढ़ाने वाली प्रेरणादायक घटना भी हे

## स्नेह समर्पण स्कूल में लियो क्लब का सेवा कार्य, बच्चों को मिली सहयोग सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




लियो क्लब द्वारा स्नेह समर्पण स्कूल में सेवा कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद 134 बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई तथा विद्यालय के विकास कार्यों के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई। विद्यालय की प्रिंसिपल मोना गर्ग वर्षों से कच्ची बस्तियों के बच्चों को शिक्षा व भोजन उपलब्ध करा रही हैं।

कार्यक्रम में लियो एडवाइजर लायन अतुल पारीक, अध्यक्ष प्रियांश जैन (सांखला), उपाध्यक्ष निशांत माहेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बच्चों ने भी गुल्लक भेंट कर शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष प्रियांश जैन ने कहा कि सेवा ही क्लब का मूल उद्देश्य है और भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण क्षेत्र में कार्य जारी रहेंगे। विद्यालय परिवार ने क्लब का आभार जताया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आशा चेतना व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत साक्षरता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**( नरेश धाकड़)।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर मंगलवार को दो स्थानों पर साक्षरता शिविर आयोजित किए गए।

थड़ोदा नरेगा परिसर में आयोजित आशा चेतना अभियान के तहत साक्षरता शिविर में रामबाबू माथुर एवं सुनीता नायक ने महिलाओं को मातृ स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा एवं उनके कानूनी अधिकारों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में मांगी देवी, कमली देवी, माया देवी, पीपा देवी, बदाम देवी, मिश्रा देवी, सीता देवी, मंजू देवी, सुशीला देवी, विमला देवी, लीला



रेगर, कांटा रेगर, कांता धाकड़, गीता, संपत्ति, संतोष धाकड़ सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

इसी क्रम में छोटी बिजोलिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अंजली नायक एवं गोपाललाल परासर ने विद्यार्थियों को बाल विवाह से होने वाली सामाजिक व शारीरिक हानियों के बारे में जानकारी दी तथा बाल विवाह की कानूनी आयु के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे न तो बाल विवाह करेंगे और न ही होने देंगे।

कार्यक्रम में राकेशकुमार वर्मा, कैलाशचंद्र मीणा, सुमन पांचाल, ममता धाकड़, ज्योति सोनी, संजय मीणा सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बरोदा में उमड़ा आस्था का सैलाबः श्री देव डूंगरी देवनारायण मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ

क्षेत्र के प्राचीन एवं आस्था के केंद्र श्री देव डूंगरी देवनारायण मंदिर बरोदा में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान पूरे भक्तिमय माहौल में चल रहा है , कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को 251 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव सहित आसपास के ढाणियों-गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

सुबह शुभ मुहूर्त में जालपा माता मंदिर से महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर सजे कलश लेकर मंदिर परिसर से रवाना हुईं। यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई देवनारायण मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते देवनारायण भगवान की जय के जयकारों, ढोल-नगाड़ों और भजन-



कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

मंदिर परिसर में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन जारी है। भक्तजन परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी फसल की कामना के साथ आहुतियां दे रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी व भंडारे की व्यवस्था भी की गई, जिसमें दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। रमेश चौहान ने बताया कि बुधवार को भगवान देवनारायण के निशान की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें सुसज्जित ध्वज-निशान, बैंड-बाजे, घोड़े और भक्त मंडलियां आकर्षण का केंद्र रहेंगे। ग्रामीण युवाओं द्वारा सेवा व्यवस्थाएं संभाली जा रही हैं

गुरुवार को विधि-विधान से हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ धार्मिक आयोजन का समापन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास छाया हुआ है तथा दूर-दराज गांवों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

# डेढ़ सौ वर्ष पुरानी परंपरा का साक्षी बना सोरत मेला, दशहरा मैदान में उमड़ी भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

कस्बे के दशहरा मैदान में मंगलवार से तीन दिवसीय ऐतिहासिक सोरत मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में पुरानी लोक संस्कृति को जीवंत रखते हुए भीलवाड़ा जिले से आए गायक कलाकारों ने केसिया व अलगोछा प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। पारंपरिक धुनों पर लोगों ने जमकर आनंद लिया।

मेले की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए 92 वर्षीय इस्माइल लोहार ने बताया कि यह मेला करीब डेढ़ सौ वर्ष पूर्व शुरू हुआ था और वे स्वयं पिछले 80 वर्षों से इसे देख रहे हैं। वहीं 90 वर्षीय नंदू बाई तेली ने बताया कि वे लगभग 75 वर्षों से इस मेले की साक्षी रही हैं।

जानकारी के अनुसार, त्रिवेणी संगम





92 वर्षीय इस्माइल लोहार

पर प्रारंभ हुआ सात दिवसीय यह मेला रामा के खूंट से शुरू होकर बालाजी चौक, बीगोद बस स्टैंड होते हुए पिछले करीब 60 वर्षों से दशहरा मैदान में आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 1985 से पूर्व यह मेला सात दिनों तक नंदराय चौराहा और चमन चौराहा तक खचाखच भरा रहता था, लेकिन 1985 के उपद्रव के बाद प्रशासन ने इसकी अवधि घटाकर तीन दिन कर दी। पहले यहां सोने-चांदी, पीतल के बर्तनों की बड़ी दुकानें लगती थीं, जो अब कम हो गई हैं।

त्रिवेणी बीगोद मेला भीलवाड़ा जिले का सबसे पुराना मेला माना जाता है। तिलस्वा महादेव और हरणी महादेव मेले इसके बाद प्रारंभ हुए।

मेले में डोलर चकरी, रेलगाड़ी, विभिन्न झूले, मिट्टी के बर्तन, मनिहारी, खिलौने, बर्तन तथा लोहे के औजारों की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। नगर पालिका द्वारा पेयजल, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था व सजावट की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मांडलगढ़ तहसीलदार बसंती लाल पांडे, नगर पालिका बीगोद के अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल, मेडिकल टीम तथा बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान मय जाब्ते के साथ मौजूद रहे।

# रोपा में आचार्य समाज का स्नेह मिलन समारोह, विधायक गोपीचंद मीणा ने की 10 लाख की घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

रोपा गांव में आचार्य समाज द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज की एकता, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों तथा समाज के प्रतिभावान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य जैसे विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राहुल आचार्य, पूर्व सरपंच गणेश लाल आचार्य सहित समाज बंधुओं ने विधायक का माला



व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा भगवान शिव-पार्वती की तस्वीर भेंट की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी और बिजली सहित विभिन्न विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों, यही उनका प्रयास है।

विधायक मीणा ने रोपा स्थित आचार्य समाज पंचायत भवन में छायागृह निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद टाक, पूर्व सरपंच गणेश लाल आचार्य, भागचंद सनाढ्य, शंकरलाल जैन, संपत टाक, रामकुवार जाट, भंवर सिंह, कैलाश शर्मा, रामप्रसाद जाट, बाबू मंसूरी, भवानीराम धाकड़ सहित आचार्य समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित, ऋतुराज मीणा बने अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**रमेश गुर्जर ।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष सम्पत गुर्जर के निर्देशानुसार एनएसयूआई बिजौलिया भीलवाड़ा ग्रामीण ब्लॉक की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

विधानसभा अध्यक्ष मांडलगढ़ अभिषेक दाधीच ने बताया कि बिजौलिया ब्लॉक अध्यक्ष पद पर ऋतुराज मीणा को नियुक्त किया गया



है। वही संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कार्यकारिणी में मनोज सिंह, अनिल बंजारा, अभिषेक वैष्णव, कमल मालवीय, विष्णु बंजारा, प्रिंस मालवीय, विशाल धाकड़, लक्की सिंह, बंटी बंजारा, पीयूष शर्मा, राहुल धाकड़, शुभम सिंह, दिलीप सिंह भाटी एवं अनीश धाकड़ को सदस्य बनाया गया है।

अभिषेक दाधीच ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी छात्र हितों की आवाज को मजबूती से उठाएगी तथा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएगी। जिलाध्यक्ष सम्पत गुर्जर ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# अधर में लटका पुलिया रिनोवेशन, हादसों का बना सबब

## डेढ़ करोड़ की लागत का काम 50% पर रुका, निकले सरिए और गड्ढों से ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)**। राज्य सरकार द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सवाईपुर-सालरिया मार्ग पर बहने वाली कोठारी नदी की पुलिया के रिनोवेशन का कार्य एक वर्ष पूर्व स्वीकृत किया गया था। फरवरी-मार्च 2025 में ठेकेदार ने कार्य शुरू भी कर दिया, लेकिन करीब 50 प्रतिशत से अधिक काम होने के बावजूद निर्माण बीच में ही रोक दिया गया। अधूरे कार्य के कारण पुलिया अब दुर्घटनाओं का सबब बनती जा रही है। पुलिया पर आरसीसी सड़क को वन-वे बनाकर छोड़ दिया गया है। निर्माण के दौरान निकले सरिए बाहर की ओर निकले हुए हैं और दूसरी तरफ गड्ढों से भरी सड़क से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में वाहन चालक संतुलन खो रहे हैं और आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार तीन माह पूर्व सालरिया निवासी दो युवक बाइक से सवाईपुर की ओर आ रहे थे। पुलिया पर गड्ढे से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और विक्रम सिंह के सिर में सरिया धंस गया। गंभीर हालत में उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां कई दिनों तक उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ मिला। इस हादसे के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की उदासीनता के चलते आमजन की जान जोखिम में है। पुलिया की ऊंचाई और अधूरी संरचना के कारण रात के समय खतरा और बढ़ जाता है।

**जनप्रतिनिधियों ने जताई चिंता**

सातोला का खेड़ा ग्राम पंचायत की प्रशासक सुनीता देवी खटीक ने कहा कि कोठारी नदी पुलिया का रिनोवेशन कार्य अधर में लटका हुआ है, जिससे



आए दिन हादसे हो रहे हैं। विभाग की जिम्मेदारी है कि गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र कार्य पूर्ण कराकर लोगों को राहत दिलाई जाए, ताकि आक्रोश न बढ़े।

निवर्तमान कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने बताया कि उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता सोहन लाल बैरवा सहित अन्य अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। यदि कोई तकनीकी समस्या है तो उसे दूर कर शीघ्र कार्य शुरू कराया जाए।

वही मामले में कनिष्ठ अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कोटड़ी कृष्ण कंसक ने बताया कि ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य का भुगतान नवंबर माह में ही कर दिया गया था। पहले भुगतान का बहाना बनाया जा रहा था, अब कई दिनों से 'एक-दो दिन में शुरू करने' की बात कही जा रही है। ठेकेदार को अंतिम नोटिस देकर आवश्यक होने पर अन्य ठेकेदार से कार्य पूर्ण करवाया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुलिया का कार्य तत्काल पूरा कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# सत्यनारायण मंदिर में चोरी, चांदी का मुकुट और गाय ले गए चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के मांडल थाना क्षेत्र के भादू गांव में स्थित सत्यनारायण मंदिर में सोमवार रात चोरी की वारदात से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। अज्ञात चोर भगवान का चांदी का मुकुट तथा मंदिर परिसर में बंधी एक गाय चोरी कर ले गए। पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।



जानकारी के अनुसार सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे पुजारी ने देखा कि भगवान का चांदी का छत्र (मुकुट) गायब है और मंदिर परिसर में बंधी गाय भी नहीं है। उन्होंने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया।


सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने मंदिर के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोर देर रात मंदिर में घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में जुट गए। लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है और जाँच जारी है ।

# नौगांवा में अमावस्या पर भव्य भजन संध्या, सांवरिया सेठ दरबार में उमड़ी आस्था

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

धर्मनगरी के निकट स्थित नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में मंगलवार को अमावस्या के अवसर पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुबह से शाम तक चले इस आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर रहा।





कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना से हुआ। सुप्रसिद्ध भजन गायक सत्तू सादास ने सांवरिया सेठ के भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। 'सांवरिया सेठ दे दे' और 'चलो चलें सांवरिया सेठ नौगांवा के पास' जैसे भजनों पर पांडाल तालियों से गूंज उठा। रायला के गुंजन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने वादन संगत से समां बांध दिया।

मंदिर परिसर को देशी-विदेशी फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि पंडित दीपक आनंद पाराशर ने ठाकुरजी का भव्य श्रृंगार किया। मंदिर शिखर पर ध्वजा भंवरलाल दरगड़ द्वारा चढ़ाई गई तथा पंडित रमाकांत आचार्य के मंत्रोच्चार के बीच सोनू सेन पुर ने दूध से अभिषेक किया। दिनभर चले भक्ति आयोजन में दर्शनों के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# भीलवाड़ा में 19 से 26 फरवरी तक सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम व दीक्षा दान समारोह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में 19 से 26 फरवरी तक सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह आयोजित होगा। आयोजन को लेकर परिसर में आस्था, भक्ति और सेवा का वातावरण बन गया है। देशभर से सैकड़ों संत-महात्माओं एवं विशिष्ट अतिथियों के आगमन की संभावना है।

मंगलवार को महोत्सव की श्रृंखला में अग्नि प्रवेश व भंडारा कोठार सेवा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पंडित सत्यनारायण शर्मा ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। महोत्सव अवधि में प्रसाद व भोजन व्यवस्था भंडार सेवा समिति द्वारा की जाएगी।

महोत्सव का आगाज 19 फरवरी सुबह 9 बजे संकटमोचन हनुमान मंदिर पोस्ट ऑफिस के सामने से श्रीमद्भागवत कलश यात्रा के साथ होगा। 19 से 25 फरवरी तक श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर द्वारा श्रीमद्भागवत कथा वाचन किया जाएगा। प्रतिदिन वैदिक अग्नि अनुष्ठान, पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, 108 भागवत मूल पाठ, शतचंडी पाठ, अखंड गीता व रामचरितमानस पाठ, संकीर्तन एवं रासलीला का आयोजन होगा। शाम को गंगा आरती भी की जाएगी।





महोत्सव की पूर्णाहुति 25 फरवरी को होगी। 26 फरवरी सुबह 9 बजे विशाल पांडाल में दीक्षा दान समारोह एवं संत समागम आयोजित होगा, जिसमें तीन दीक्षार्थियों को विधिपूर्वक दीक्षा दी जाएगी। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना जताई गई है। आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न समाजों व महिला संगठनों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

# लाल बहादुर शास्त्री मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, व्यापारियों में रोष



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत मंगलवार को नगर निगम ने महावीर पार्क के निकट लाल बहादुर शास्त्री मार्केट में दुकानों के बाहर नालियों पर बनी सीढ़ियां और फुटपाथ जेसीबी से हटाए। कार्रवाई के दौरान मौके पर दुकानदारों और राहगीरों की भीड़ जुटी रही। नुकसान से नाराज व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताया।

नगर निगम का तर्क है कि नालियां खोलकर जल निकासी सुचारू करना और स्वच्छता बनाए रखना उद्देश्य है। पिछले कुछ दिनों से शहर के विभिन्न बाजारों में दुकानों के बाहर बने प्लेटफॉर्म और सीढ़ियों को हटाया जा रहा है। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि बिना वैकल्पिक समाधान दिए सीधे कार्रवाई की जा रही है।

दूसरी ओर, नगर निगम परिसर के बाहर ही नालियों के जाम होने और बारिश में जलभराव की समस्या को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब निगम के आसपास ही जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं है, तो केवल बाजारों में कार्रवाई करना एकतरफा कदम प्रतीत होता है।

महापौर के पदमुक्त होने और कलेक्टर के प्रशासक बनने के बाद तेज हुए इस अभियान पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक वर्ग इसे शहर हित में आवश्यक बता रहा है, जबकि व्यापारी वर्ग इसे चयनात्मक कार्रवाई करार दे रहा है।

आरोप है कि निगम कार्यालय के आसपास, अधिकारी क्वार्टर और कोतवाली चौराहे पर लगने वाले फल-फ्रूट ठेलों से अक्सर जाम की स्थिति बनती है, लेकिन वहां कार्रवाई नहीं हो रही। कोतवाली चौराहे के समीप एक मॉल के बाहर नालियों को ढककर किए गए निर्माण पर भी निगम की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। सूचना केंद्र क्षेत्र में भी कार्रवाई नहीं होने से लोगों ने पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाया है।

## QUICK BITES

# 22 फरवरी को निशुल्क 3ष्ठ रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा 22 फरवरी को निशुल्क थ्री डी रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में अहमदाबाद के जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. दर्शन शाह मरीजों को परामर्श देंगे।

जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने बताया कि कम उम्र में बढ़ते घुटनों के दर्द, गठिया और जॉइंट समस्याओं को देखते हुए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रारंभिक जांच, उपचार विकल्प, सावधानियां और रोबोटिक तकनीक से सर्जरी संबंधी जानकारी दी जाएगी।

महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया ने बताया कि शिविर में जीवनशैली, व्यायाम और आहार संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। परिषद पदाधिकारियों ने नागरिकों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# रोडवेज आगार भीलवाड़ा में दो दिवसीय धरना, 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन एटक के आह्वान पर प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय धरने के तहत रोडवेज डिपो भीलवाड़ा आगार पर कर्मचारियों ने 8 सूत्रीय मांग-पत्र को लेकर प्रदर्शन किया। धरने में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए नारेबाजी की। धरने का नेतृत्व यूनियन के महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा ने किया। इस दौरान अध्यक्ष शंकरलाल गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग, सचिव चंद्रप्रकाश खटीक सहित अनेक पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

यूनियन प्रतिनिधियों ने मुख्य प्रबंधक को प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में 2500 नई बसों की खरीद, नई भर्ती, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बकाया भुगतान, समय पर पदोन्नति सहित अन्य मांगें शामिल हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# आसींद क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विधायक ने बजट में रखी मांगें


**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



विधानसभा सत्र में विधायक जब्बर सिंह सांखला ने बजट चर्चा के दौरान आसींद क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और मांगें रखीं। भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर ने बताया कि विधायक ने आसींद में उप जिला चिकित्सालय व नवीन भवन, दौलतगढ़ पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने, बरसनी व कटार उप स्वास्थ्य केन्द्रों को पीएचसी में उन्नयन तथा गुलाबपुरा में ट्रॉमा सेंटर खोलने की मांग दोहराई। रघुनाथपुरा से शंभूगढ़ वाया आसींद स्टेट मेगा हाईवे-133 के अधूरे कार्य के लिए पूर्व स्वीकृत 8 करोड़ रुपये अपर्याप्त बताते हुए राशि बढ़ाकर 30 करोड़ करने की मांग की, साथ ही 20 से अधिक सड़कों को एमडीआर में स्वीकृत करने की आवश्यकता बताई। खारी नदी के बहाव से क्षतिग्रस्त पुलियों-बामणी, भैरूखेड़ा-नेगड़िया, प्रतापपुरा-केरिया खेड़ा, परासोली-रायरा, जीवार-शंभूगढ़, कटार-रघुनाथपुरा, अजीतपुरा-बाजूंदा मार्ग—का पुनर्निर्माण कराने पर जोर दिया। इसके अलावा आसींद में कृषि महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र, निम्बाहेड़ा में बालिका महाविद्यालय, गुलाबपुरा में सीवरेज कार्य, बदनोर में डीएसपी कार्यालय, प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार, गुलाब बाग का विकास, बदनोर दुर्ग व भोजपुरा फीडर कार्य पूर्ण कराने, खारी, सरेरी व पाटन बांधों के जीर्णोद्धार, बदनोर व गुलाबपुरा में खेल स्टेडियम, पशु चिकित्सालयों के क्रमोन्नयन, औद्योगिक पार्क व सिरेमिक जोन में उद्योग स्थापना जैसी मांगें रखीं। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी व कुक-कम-हेल्पर के मानदेय में वृद्धि तथा भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण व मरम्मत राशि स्वीकृत करने की भी मांग की।

# रियायती दर पर भूमि आवंटन निरस्तीकरण पर विधायक कोठारी ने मांगा जवाब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से सामाजिक संस्थाओं को रियायती दर पर आवंटित भूमि को निरस्त किए जाने के मामले में सरकार से जवाब मांगा है। विधायक कोठारी ने बताया कि नगरीय विकास विभाग द्वारा मंत्रिमंडल की अनुमति से नगर विकास न्यास भीलवाड़ा की 15 संस्थाओं को 10 प्रतिशत दर पर भूमि आवंटन का निर्णय लिया गया था। उन्होंने पूछा कि क्या इस निर्णय के अनुरूप आवंटन आदेश जारी हुए थे और उनकी प्रतियां सदन में प्रस्तुत की जाएं। उन्होंने 1 सितंबर को जारी भूमि आवंटन नीति-2025 के तहत लंबित प्रकरणों के निस्तारण संबंधी आदेशों की प्रतियां भी मांगी हैं। साथ ही यह सवाल उठाया कि मंत्रिमंडल के निर्णय के बावजूद यदि भूमि निरस्त की गई है तो उसका विस्तृत विवरण सदन में रखा जाए तथा क्या संबंधित संस्थाओं को पुनः भूमि आवंटन पर विचार किया जा रहा है। विधायक कोठारी ने कहा कि रियायती दर पर भूमि आवंटन समाजहित से जुड़ा विषय है। यदि नीति परिवर्तन या प्रशासनिक कारणों से आवंटन निरस्त हुए हैं तो सरकार को पारदर्शिता से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि पूर्व में आवंटित भूखंड पुरानी नीति के अनुसार ही दिए जाएं, ताकि समाज में व्याप्त आक्रोश शांत हो सके।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।